CBSE Class 06 Hindi
NCERT Solutions
पाठ-02 बचपन

1. उम्र बढ़ने के साथ-साथ लेखिका में क्या-क्या बदलाव हुए हैं? पाठ से मालूम करके लिखो।
उत्तर:- उम्र बढ़ने के साथ-साथ लेखिका के पहनावे में भी काफी बदलाव आए। पहले वे रंग-बिरंगे कपड़े पहनती रहीं - नीला-जामुनी-ग्रे-काला-चॉकलेटी फिर वह गहरे नहीं, हलके रंग पहनने लगी। पहले वे फ्रॉक , फिर निकर-वॉकर, स्कर्ट, लहँगे, गरारे पहनती थी परंतु अब चूडीदार और घेरदार कुर्ते पहनने लगी। उम्र बढ़ने के साथ खाने में भी काफ़ी बदलाव आए।

2. लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं?
उत्तर:- लेखिका बचपन में इतवार की सुबह अपने मोज़े धोती थी। उसके बाद अपने जूते पॉलिश करके चमकाती थी।

3. 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' - यह कहकर लेखिका क्या-क्या बताती हैं?
उत्तर:- 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।' - यह कहकर लेखिका बताती हैं कि उन दिनों मनोरंजन के लिए कुछ घरों में ग्रामोफोन थे परंतु उसके स्थान पर आज हर घर में रेडियो और टेलीविज़न देखने मिलता है। कुलफ़ी की जगह आइसक्रीम ने ले ली है। कचौड़ी-समोसा पैटीज में बदल गया है। शहतूत और फ़ाल्से और खसखस के शरबत का स्थान कोक-पेप्सी ने ले लिया है।

4. पाठ से पता करके लिखो कि लेखिका के चश्मा लगाने पर उनके चचेरे भाई उन्हें क्यों छेड़ते थे।
उत्तर:- लेखिका की नज़र कमज़ोर हो गई थी इसलिए उसे चश्मा लगाना पड़ा । लेखिका के चश्मा लगाने पर उनके चचेरे भाई उन्हें छेड़ते थे क्योंकि पहली बार चश्मा लगाने के कारण वह कुछ अजीब सी लग रही थीं।
उनके चचेरे भाई उन्हें छेडते थे कि -
आँख पर चश्मा लगाया
ताकि सूझे दूर की,
यह नहीं लड़की को मालूम
सूरत बनी लंगूर की।

5. लेखिका बचपन में कौन-कौन सी चीजें मज़ा ले-लेकर खाती थीं? उनमें से प्रमुख फलों के नाम लिखो।
उत्तर:- लेखिका बचपन में चाकलेट और चने -जोर- गरम और अनारदाने का चूर्ण मज़ा ले-लेकर खाती थीं। रसभरी, कसमल और काफ़ल उनके प्रिय फल थे। वह शहतूत , फालसे और खसखस का शरबत पीती थीं ।

6. लेखिका की तरह तुम्हारी उम्र बढ़ने से तुम्हारे पहनने-ओढ़ने में क्या-क्या बदलाव आए हैं? उन्हें याद कर लिखो।

उत्तर:- लेखिका की तरह मैं भी पहले फ्रॉक पहनती थी परंतु अब चूडीदार और कुर्ते पहनती हूँ।

7. लेखिका के बचपन में ग्रामोफ़ोन, घुड़सवारी, शोरूम में शिमला-कालका ट्रेन का मॉडल और हवाई जहाज़ की आवाज़ें ही आश्चर्यजनक आधुनिक चीज़ें थीं । आज तुम्हें क्या -क्या आश्चर्यजनक आधुनिक चीज़े आकर्षित करती हैं? उनके नाम लिखो।
उत्तर:- आज मुझे मोबाइल, किन्डल, मेट्रो ट्रेन जैसी आधुनिक चीज़ें आकर्षित करती हैं।

• भाषा की बात

8. क्रियाओं से भी भाववाचक संज्ञाएँ बनती हैं। जैसे मारना से मार, काटना से काट, हारना से हार, सीखना से सीख, पलटना से पलट और हड़पना से हड़प आदि भाववाचक संज्ञाएँ बनी हैं। तुम भी इस संस्मरण से कुछ क्रियाओं को छाँट कर लिखो और उनसे भाववाचक संज्ञा बनाओ।
उत्तर:-

क्रिया	भाववाचक संज्ञा
चमकना	चमक
भागना	भाग
बदलना	बदल
खरीदना	खरीद
ओढ़ना	ओढ़

9. संस्मरण में आए अंग्रेज़ी के शब्दों को छाँटकर लिखो और उनके हिंदी अर्थ जानो।
उत्तर:-

अंग्रेज़ी शब्द	हिन्दी अर्थ
फ्रॉक	लड़कियों के पहनने का घेरदार झबला
लेमन कलर	नींबू जैसा रंग
आलिव आयल	जैतून का तेल
ग्रामोफ़ोन	गाने सुनने का यंत्र
स्पीड	गति

10. चार दिन, कुछ व्यक्ति, एक लीटर दूध आदि शब्दों के प्रयोग पर ध्यान दो तो पता चलेगा कि इसमें चार, कुछ और एक लीटर शब्द से संख्या या परिमाण का आभास होता है, क्योंकि ये संख्यावाचक विशेषण हैं। इसमें भी चार दिन से निश्चित संख्या का बोध होता है, इसलिए इसे निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं और कुछ व्यक्ति से अनिश्चित संख्या का बोध होने से इसे अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। इसी प्रकार एक लीटर दूध से परिमाण का बोध होता है इसलिए इसे परिमाणवाचक विशेषण कहते

हैं। अब तुम नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ो और उनके सामने विशेषण के भेदों को लिखो -

(क) मुझे दो दर्जन केले चाहिए।

(ख) दो किलो अनाज दे दो।

(ग) कुछ बच्चे आ रहे हैं।

(घ) तुम्हारा सारा प्रयत्न बेकार रहा।

(ड) सभी लोग हँस रहे थे।

(च) तुम्हारा नाम बहुत सुंदर है।

उत्तर:- (क) दो दर्जन - निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ख) दो किलो - निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ग) कुछ - अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(घ) तुम्हारा - सार्वनामिक विशेषण

(ड) सभी - संख्यावाचक विशेषण

(च) बहुत - गुणवाचक विशेषण

---

11. कपडों में मेरी दिलचस्पियाँ मेरी मौसी जानती थीं।

इस वाक्य में रेखांकित शब्द 'दिलचस्पियाँ' और 'मौसी' संज्ञाओं की विशेषता बता रहे हैं, इसलिए ये सार्वनामिक विशेषण हैं। सर्वनाम कभी-कभी विशेषण का काम भी करते हैं। पाठ में से ऐसे पाँच उदाहरण छाँटकर लिखो।

उत्तर:- 1. मैं तुमसे कुछ इतनी बडी हूँ कि तुम्हारी दादी भी हो सकती हूँ, नानी भी।

2. बचपन में हमें अपने मोज़े खुद धोने पड़ते थे।

3. हम बच्चे इतवार की सुबह इसी में लगाते।

4. कुछ एकदम लाल, कुछ गुलाबी, रसभरी कसमल।

5. मैंने अपने छोटे भाई का टोपा उठाकर सिर पर रखा।